पंजाब केसरी २०-५-२०२५

जी.एम.एन. कालेज में स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मैंटरिंग पर सैमीनार



विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता अनिल जैन। (देवदत्त)

अम्बाला, 19 अप्रैल (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में आई.ई.डी.सी. और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा स्टार्टअप्स की सफलता के लिए मैंटरिंग पर सैमीनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए गाइड करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ाना था।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि स्टार्टअप्स का संचालन करना और उन्हें सफल बनाना आजकल एक बड़ा चुनौतीपूर्ण काम है। इस क्षेत्र में समझदारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है और यहां मैंटरिंग का महत्व उत्कृष्ट होता है।

मैंटर्स उद्यमिता के अनुभव को सांझा करते हैं, नए विचारों को प्रोत्साहित करते हैं और सफलता के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान करते हैं।

मुख्य वक्ता उद्योगपति डा. अनिल जैन ने अपने अनुभवों के साथ स्टार्टअप्स के लिए मैंटरिंग के महत्व को बड़े ही ज्ञानवर्धक ढंग से सांझा किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. नीलम ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को निश्चित तौर पर स्टार्टअप्स के लिए मैंटरिंग की महत्ता को समझने और उन्हें सफल एंटरप्रिन्योर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इससे हमारे उभरते हुए एंटरप्रिन्योर अपने व्यवसाय मॉडल को विकसित करने, उत्पादन या सेवाओं को बाजार में प्रदर्शित करने, वित्तीय नियोजन एवं प्रबंधन की जटिलताओं का सामना करने में मदद करेंगे। मंच संचालन उदय प्रताप सिंह द्वारा किया गया और प्रो. सुषमा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रेषित किया। कार्यक्रम में सुजाता गोयल, डा. सीमा कंसल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।